जब कोच, टीम और कप्तान आपका समर्थन करते हैं, आपके साथ खड़े होते हैं और चाहते हैं कि आप देश के लिए अच्छा खेलें, तो इससे मानसिक रूप से बहुत भरोसा मिलता है... यह अपने आप में बहुत सम्मान की बात है। - साई सुदर्शन

इंडिया-ए खिलाड़ी, शतक जमाने के बाद बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — गिलेर्मो ओचोआ

मेक्सिको के अनुभवी गोलकीपर गिलेर्मो ओचोआ ने एक नया कीर्तिमान अपने नाम कर लिया है। उन्होंने फुटबॉल विश्व कप के इतिहास में एक विशेष उपलब्धि हासिल करते हुए छह विश्व कप टीमों का हिस्सा बनने वाले पहले गोलकीपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। गिलेर्मो ओचोआ ने यह उपलब्धि मेक्सिको और चेक गणराज्य के बीच खेले गए समूह-ए के अंतिम मुकाबले में हासिल की। मेक्सिको सिटी में आयोजित इस मुकाबले में ओचोआ दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरे और इसी के साथ उनका नाम विश्व फुटबॉल के सबसे विशिष्ट खिलाड़ियों की सूची में दर्ज हो गया है।

क्या आप जानते हैं ?... अब तक खेले गए 22 संस्करणों में ब्राजील, जर्मनी, इटली, अर्जेंटीना, फ्रांस, उरुग्वे, इंग्लैंड और स्पेन ने फीफा विश्व कप की ट्रॉफी जीती है।

FIFA WORLD CUP 2026

आज के मैच

कुराकाओ बनाम कोटेडी आइवर
रात्रि 1.30 बजे

इक्वाडोर बनाम जर्मनी
रात्रि 1.30 बजे

ट्यूनिशिया बनाम नीदरलैंड
सुबह 4.30 बजे

जापान बनाम स्वीडन
सुबह 4.30 बजे

पराग्वे बनाम ऑस्ट्रेलिया
सुबह 7.30 बजे

तुर्की बनाम यूएसए
सुबह 7.30 बजे

मेक्सिको ने चेकिया को 3-0 से रौंदा

विश्व कप में पहली बार ग्रुप चरण के सभी मैच जीते

मेक्सिको सिटी, 25 जून। मेक्सिको ने फीफा विश्व कप 2026 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को चेकिया को 3-0 से हराकर ग्रुप चरण के अपने तीनों मुकाबले जीत लिए। इस जीत के साथ मेक्सिको ने इतिहास रचते हुए पहली बार विश्व कप के ग्रुप चरण में शत-प्रतिशत जीत दर्ज की।

मेक्सिको की जीत के नायक रहे 22 वर्षीय मातेओ चावेज़, जिन्होंने अपने पहले ही विश्व कप में 55वें मिनट में टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद जूलियन क्विनोनेस ने 61वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना दूसरा गोल दागकर बढ़त दोगुनी कर दी। मुकाबले के इंजरी टाइम में अल्वारो फिडाल्गो ने तीसरा गोल कर जीत पर मुहर लगा दी। इससे पहले मेक्सिको का सर्वश्रेष्ठ ग्रुप चरण प्रदर्शन दो जीत और एक ड्रॉ का रहा था, जो 1986 और 2002 विश्व कप में देखने को मिला था। दिलचस्प बात यह है कि दोनों अभियानों में जेवियर एग्विरे किसी न किसी रूप में टीम से जुड़े थे- 1986 में खिलाड़ी और 2002 में मुख्य कोच के रूप में।

ग्रुप ए में शीर्ष स्थान पहले ही सुनिश्चित कर चुकी मेक्सिको अब राउंड ऑफ 32 में अपने अगले मुकाबले के लिए तैयार है, जो 1 जुलाई को एज़्टेका स्टेडियम में खेला जाएगा। दूसरी ओर, चेकिया का अभियान निराशाजनक रहा। टीम तीन मैचों में केवल एक अंक जुटा सकी और टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

मुकाबले में मेक्सिको के युवा और अनुभवी खिलाड़ियों ने भी सुर्खियां बटोरीं। 17 वर्षीय गिल्बर्टो मोरा विश्व कप में मेक्सिको की ओर से शुरुआती एकादश में उतरने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। वहीं 40 वर्षीय गोलकीपर गिलर्मो "मेमो" ओचोआ 77वें मिनट में मैदान पर उतरकर विश्व कप के छह संस्करणों में खेलने वाले चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए। इस सूची में केवल अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी और पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो भी शामिल हैं।

हालांकि मैच के दौरान कुछ दर्शकों द्वारा लगाए गए विवादित नारे भी चर्चा का विषय बने, जिनके कारण पहले भी मेक्सिको फुटबॉल महासंघ को दंड झेलना पड़ा है। मेक्सिको की यह जीत उसे नॉकआउट चरण में मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित करती है, जबकि चेकिया के लिए विश्व कप 2026 का सफर यहीं समाप्त हो गया।

द. अफ्रीका ने दक्षिण कोरिया को 1-0 से दी शिकस्त

मेक्सिको, 25 जून। दक्षिण अफ्रीका ने फीफा विश्व कप 2026 में इतिहास रचते हुए दक्षिण कोरिया को 1-0 से हराकर पहली बार नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया। मेक्सिको के मोंटेरे स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए ग्रुप ए के इस मुकाबले में थापेलो मासेको के दूसरे हाफ में किए गए गोल ने दक्षिण अफ्रीका को यादगार जीत दिलाई। 2010 में अपने देश में आयोजित विश्व कप के बाद पहली बार टूर्नामेंट में खेल रही दक्षिण अफ्रीकी टीम को शुरुआती मुकाबले में मेक्सिको से 0-2 की हार के बाद लगभग बाहर माना जा रहा था। हालांकि, उसने चेक गणराज्य के खिलाफ ड्रॉ खेलकर वापसी की और फिर दक्षिण कोरिया को हराकर अंतिम-32 में जगह बना ली। मुकाबले की शुरुआत दक्षिण कोरिया ने आक्रामक अंदाज में की। कप्तान की जगह टीम की अगुवाई कर रहे किम मिन-जे का शक्तिशाली हेडर गोल लाइन पर ही रोक दिया गया, जबकि ली कांग-इन का प्रयास मामूली अंतर से बाहर चला गया। दक्षिण अफ्रीका ने धीरे-धीरे खेल पर पकड़ बनाई, लेकिन फिनिशिंग में कमजोरी दिखाई। 30वें मिनट में उसे बढ़त लेने का सुनहरा मौका मिला, जब एविडेंस माकगोपा के पास आसान अवसर था, लेकिन वह गोलकीपर किम सियुंग-ग्यु को भेद नहीं सके। दूसरे हाफ की शुरुआत में दक्षिण कोरिया ने बड़ा फैसला लेते हुए अपने स्टार खिलाड़ी और कप्तान सोन ह्युंग-मिन को मैदान पर उतारा। इसके बावजूद टीम को सफलता नहीं मिली। 63वें मिनट में दक्षिण अफ्रीका को वह मौका मिला जिसका उसे इंतजार था। त्शेपांग मोरेमी के क्रॉस पर थापेलो मासेको ने शानदार फिनिश करते हुए गेंद को निकट पोस्ट के अंदर पहुंचा दिया और अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी।

स्कॉटलैंड को हराकर ब्राजील ग्रुप-सी में शीर्ष पर, विनीसियस जूनियर ने दागे दो गोल

मियामी, 25 जून। स्टार विंगर विनीसियस जूनियर के शानदार दो गोलों की बदौलत ब्राज़ील ने फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-सी मुकाबले में बुधवार को स्कॉटलैंड को 3-0 से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान सुनिश्चित कर लिया। मैच की शुरुआत से ही ब्राज़ील ने आक्रामक खेल दिखाया। सातवें मिनट में स्कॉटलैंड के रक्षक स्कॉट मैकेना की गलती का फायदा उठाते हुए विनीसियस जूनियर ने गोल दागकर ब्राज़ील को बढ़त दिलाई। 22वें मिनट में विनीसियस ने एक और गोल किया, लेकिन वीडियो सहायक रेफरी की समीक्षा के बाद इसे रद्द कर दिया गया। फैसला दिया गया कि उन्होंने स्कॉटलैंड के रक्षक जैक हेंड्री को फाउल किया था। हालांकि, विनीसियस ने पहले हाफ के अतिरिक्त समय में अपना दूसरा गोल दागकर ब्राज़ील की बढ़त दोगुनी कर दी।

आर.डी. बाहेती जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता में युवराज, तेजेश्वर, पद्मजा व विनय प्रताप बने

जयपुर, 25 जून। सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित इंडोर बैडमिंटन हॉल में आयोजित आर.डी. बाहेती मेमोरियल जयपुर जिला ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप-2026 में गुरुवार को विभिन्न आयु वर्गों के रोमांचक फाइनल मुकाबले खेले गए। अंडर-15 एवं अंडर-17 बालक एकल, अंडर-17 बालिका एकल तथा अंडर-17 मिश्रित युगल वर्ग के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किए।

अंडर-15 बालक एकल के फाइनल में युवराज सिंह शेखावत ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए माधव शर्मा को 15-11, 15-9 से हराकर खिताब जीता। अंडर-17 बालक एकल का फाइनल पूनिया बंधुओं के बीच खेला गया, जिसमें तेजेश्वर पूनिया ने अपने भाई तपेश्वर पूनिया को कड़े संघर्षपूर्ण मुकाबले में 15-11, 11-15, 15-12 से पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। अंडर-17 बालिका एकल वर्ग में पद्मजा सिंह ने खुशी शर्मा को 15-6, 15-13 से हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।

कनाडा को 2-1 से हराया स्विट्जरलैंड ने

वैंकूवर, 25 जून। फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-बी मुकाबले में बुधवार को स्विट्जरलैंड ने कनाडा को 2-1 से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। बीसी वैंकूवर स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में तीनों गोल दूसरे हाफ में देखने को मिले।

भारत ने बांग्लादेश को पांच विकेट से हराया

मैनचेस्टर, 25 जून। भारतीय टीम ने गुरुवार को बांग्लादेश को महिला टी20 विश्व कप 2026 के 23वें मुकाबले में 5 विकेट से हराया। भारत की टूर्नामेंट में तीसरी जीत है। मैनचेस्टर में खेले गए मुकाबले में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 136 रन बनाए। इसके जवाब में भारत ने शेफाली वर्मा के अर्धशतक की बदौलत 19 गेंद शेष रहते मैच अपने नाम किया। भारत के लिए शेफाली वर्मा ने सर्वाधिक 53 रन बनाए। बांग्लादेश की ओर से रितु मोनी ने दो विकेट लिए। भारत की टी20 विश्व कप 2026 में ये तीसरी जीत है। टीम का अंतिम मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से है।

राजधानी

नार्किंगपिन-56 में शामिल ड्रग सरगना समीर खां गिरफ्तार

- फलौदी पुलिस ने इस बदमाश पर 25 हजार रु. का इनाम घोषित कर रखा था
- आरोपी समीर खां अपने रिश्तेदार के साथ मिलकर मध्यप्रदेश से राजस्थान तक नशे की खेप पहुंचाने का नेटवर्क चलाता था
- एएनटीएफ के आईजी विकास कुमार ने बताया कि अब तक मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े 68 बड़े फरार अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

जयपुर, (कासं)। राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन मदमारुत' के तहत कार्रवाई करते हुए राज्य के मोस्ट वांटेड ड्रग तस्करों की सूची नार्किंगपिन-56 में शामिल 25 हजार रुपए के इनामी अपराधी समीर खां को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित पिछले तीन वर्षों से फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था।

एएनटीएफ पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा तथा अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एमएन के मार्गदर्शन में अंजाम दी गई। गिरफ्तार आरोपित समीर खां (23) मूल रूप से बामन खेडी (रतलाम मध्य प्रदेश) तथा वर्तमान में दाऊद खेड़ी जिला मंदसौर का निवासी है। उस पर फलोदी पुलिस अधीक्षक द्वारा 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

पुलिस जांच में सामने आया कि पांचवीं कक्षा तक पढ़ा समीर पहले मजदूरी करता था। अधिक धन कमाने और ऐशो-आराम की जिंदगी जीने की चाह में वह अपने एक रिश्तेदार के साथ अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल हो गया। दोनों मध्यप्रदेश से राजस्थान तक नशे की खेप पहुंचाने का नेटवर्क संचालित करते थे।

वर्ष 2024 में फलौदी जिले के बाप थाना क्षेत्र में स्मैक तस्करी के एक मामले में पकडे गए एजेंट ने पूछताछ में समीर और उसके रिश्तेदार का नाम उजागर किया था। इसके बाद से ही समीर फरार हो गया और गिरफ्तारी से बचने के लिए मजदूरी तथा ड्राइविंग का काम करने लगा।

शातिर तस्कर तक पहुंचने के लिए एएनटीएफ ने बेहद सुनियोजित रणनीति अपनाई। टीम मंदसौर के मुल्तानपुरा स्थित स्लेट पेंसिल फैक्ट्री क्षेत्र में कारोबारी बनकर पहुंची और माल खरीदने के बहाने विभिन्न फैक्ट्रियों में जानकारी जुटाई। इसी दौरान एक फैक्ट्री संचालक ने बताया कि उनके यहां समीर नाम का चालक काम करता है, जो माल परिवहन का कार्य करता है, लेकिन वह उस दिन राजस्थान के ब्यावर में बारदाना भरने गया हुआ है।

यह सूचना मिलते ही एएनटीएफ की दूसरी टीम ने ब्यावर अनाज मंडी में घेराबंदी कर दी। जांच के दौरान मध्य प्रदेश नंबर की एक पिकअप वाहन के पास बैठे दो युवकों में से एक की पहचान समीर खां के रूप में हुई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। आईजीपी विकास कुमार ने बताया कि एएनटीएफ अब तक मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े 67 बड़े फरार अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। समीर खां की गिरफ्तारी के साथ ही यह संख्या बढ़कर 68 हो गई है।

रीको प्रशासन ने ढाई माह में 100 करोड़ रु. राजस्व वसूला

जयपुर । राजस्थान में औद्योगिक विकास को गति देने तथा उद्यमियों को सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रीको प्रशासन लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। दूसरी तरफ औद्योगिक क्षेत्रों में अपनी इकाइयां स्थापित कर चुके उद्यिमयों का भी रीको को भरपूर सहयोग मिल रहा है। रीको ने उद्यमियों के सहयोग तथा अपने विशेष प्रयासों से 1 अप्रैल से 15 जून तक (ढाई माह में) 100 करोड़ रुपए से अधिक के राजस्व की वसूली की है। यह राशि रीको के 33 इकाई कार्यालयों के अधीन विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में आवंटित औद्योगिक भूखण्डों की बकाया देयताओं से प्राप्त हुई है। वसूली के मामले में भिवाड़ी द्वितीय इकाई कार्यालय के अधीन आने वाले औद्योगिक क्षेत्रों से सर्वाधिक लगभग 26 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है। इसके अतिरिक्त जयपुर के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से लगभग 14 करोड़ रुपये, नीमराना इकाई कार्यालय के अधीन औद्योगिक क्षेत्रों से लगभग 12 करोड़ रुपये, सवाई माधोपुर इकाई कार्यालय के अधीन औद्योगिक क्षेत्रों से लगभग 8 करोड़ रुपये तथा भिवाड़ी प्रथम इकाई कार्यालय से लगभग 5 करोड़ रुपये की बकाया राशि प्राप्त हुई है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्री गोविन्ददेवजी मंदिर में किए दर्शन

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को निर्जला एकादशी के अवसर पर श्री गोविन्ददेवजी मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने विधिवत् पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धिके लिए कामना की। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का अभिवादनस्वीकार किया।इस दौरान मंदिर के महंत ने मुख्यमंत्री को प्रसाद भेंट किया। इस अवसर पर सांसद मंजू शर्मा सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

विदेश नौकरी के नाम पर लाखों रु. ठगने वाला बदमाश दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार

जयपुर । सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करने वाले 10 हजार रुपए के इनामी और 18 साल से फरार चल रहे आरोपित को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित फर्जी पते से पासपोर्ट बनवाकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) भागने की तैयारी में था। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) प्रशांत किरण ने बताया कि सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए।

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
जोधपुर 342304, राजस्थान, भारत

ई-निविदा 05/2026-27

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में वार्षिक दर अनुबंध के अन्तर्गत खाना आपूर्ति व गेस्ट हाउस के लिए अल्पाहार एवं भोजन की आपूर्ति करने हेतु ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत विवरण एवं जानकारी **www.sppp.rajasthan.gov.in** एवं **https://eproc.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है।
UBN NO. : JAU2627SLRC00059
राज.संवाद/सी/26/5698 — नियंत्रक (वित्त)

बीकानेर नगर निगम
नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स नं :- 0151-2226906, फोन नं:- 0151-2226902, 2226905, Email Address :- bikanernagarnigam@gmail.com, Website :- www.bikanermc.org
क्रमांक/भण्डार/2026-27/4627 — दिनांक 22.06.2026

(ई-निविदा सूचना सं. 02/2026-27)

बीकानेर नगर निगम को विभिन्न आयोजनों में भोजन, अल्पाहार, चाय, कॉफी, मिनरल वॉटर, पानी की बोतल, नींबू पानी, छाछ, पानी के केम्पर, बफर सिस्टम भोजन (सर्दियो में) एवं बफर सिस्टम भोजन (गर्मियों में) उपलब्ध करवाने हेतु 02 वर्ष के लिए पंजीकृत फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। ए.आर.सी. निविदा कार्य से सम्बन्धित सम्पूर्ण विवरण एवं तिथि राज्य सरकार की ई-प्रोक्योरमेट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.govt.in तथा नगर निगम बीकानेर की वेबसाईट www.bikanermc.org पर देखी व डाऊनलोड की जा सकती है।
निविदा की कुल लागत :- 50 लाख
UBN Code :- DLB2627SLOB08629
राज.संवाद/सी/26/5646 — आयुक्त, नगर निगम, बीकानेर

Rajasthan University of Veterinary and Animal Science (Jobner), Jaipur
Estate Office
क्रमांक :- EO/RUVAS/2026-27/98 — दिनांक :- 23/06/2026

ई-निविदा सूचना संख्या 06/2026-27

राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, (जोबनेर), जयपुर की ओर से राज्य/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/विभागों में पंजीकृत संवेदको से ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया के माध्यम से आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है।
निविदा से संबंधित अन्य आवश्यक विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in व https://ruvasjaipur.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। UBN No. : RVJ2627WSOB00012

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत रू. लाखों में	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा शुल्क	धरोहर राशि 2%	टेण्डर प्रोसेसिंग शुल्क
1.	Confinement/Boundary Wall of Land Allotted for University of Veterinary and Animal Sciences, Jobner (Jaipur).	253.00	12 MONTHS 1 Year	2000/-	506000/-	2000/-

1. निविदाता द्वारा धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क, निम्नानुसार संपदा अधिकारी राज. पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, (जोबनेर), जयपुर के खाते में जमा करवानी है:-

Bank Name	ICICI BANK
BRANCH NAME	RHB MANSAROVER, JAIPUR.
ACCOUNT NO.	677601702188
ACCOUNT HOLDER NAME	Estate Officer Rajasthan University of V and A Sciences Jobner Jaipur
IFSC CODE	ICIC0006776

2. निविदा प्रपत्रों/दस्तावेज दिनांक 23/06/2026 से दिनांक 16/07/2026 तक सांयः 6:00 बजे तक वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकेगी तथा निविदा प्रपत्र दिनांक 17/07/2026 को प्रातः 11.30 बजे खोली जावेगी।
3. प्रसारित निविदा के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी Estate Office RUVAS, (Jobner) Mansarover, Jaipur कार्यालय से कार्य दिवस एवं कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है।

राज.संवाद/सी/26/5700 — सम्पदा अधिकारी, रूवास (जोबनेर) जयपुर

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, उदयपुर
क्रमांक :- प.46/अअ/उदय/वि.बो/बिड/2026-27/राजकाज नं. 22994501 — दिनांक :- 23/06/2026

निविदा सूचना संख्या -05/2026-27 (NIB No. AGM2627A0093)

राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड खण्ड उदयपुर के अन्तर्गत जिला उदयपुर/राजसमन्द/सलुम्बर में राजकीय महाविद्यालयो में सीडब्ल्यूएसएन शौचालय, उपनिदेशक उद्यानिकी राजसमन्द कार्यालय मे अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य, आयुर्वेद विभाग के हॉस्पिटल के कार्य, समाज कल्याण विभाग के कार्य, कृषि उपज मण्डी उदयपुर में किसान विश्राम स्थल के कार्य एवं सम्पर्क सडकों के कार्य की ऑनलाईन निविदाएं ई-प्रोक्युरमेन्ट www.eproc.rajasthan.gov.in के माध्यम से उपयुक्त कार्य हेतु दिनांक 08.07.2026 तक आमंत्रित की जाती है। बिड से सम्बन्धित विस्तृत विवरण वेबसाइट www.rsamb.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in (NIB No. AGM2627A0093) & (UBN No. AGM2627WSRC00619 to 627) पर भी देखा जा सकता है।
राज.संवाद/सी/26/5696 — अधिशाषी अभियन्ता

राजस्थान आवासन मण्डल
क्रमांक :- 433 — दिनांक :- 19/06/2026

निविदा सूचना संख्या 01/2026-27

Development of Shopping Center in Sector 17 at Mukta Prasad Nagar, Bikaner के कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाताओं से दिनांक 29.06.2026 सायं 6:00 बजे से दिनांक 15.07.2026 को सायं 6:00 बजे तक राजस्थान सरकार के पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in व मण्डल की वेबसाईट http://rhb.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है।
UBN No. :- RHB2627WSOB00077
राज.संवाद/सी/26/5757 — उप आवासन आयुक्त, वृत्त-बीकानेर

राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड
ई-निविदा सूचना — दिनांक :- 23/06/2026

ई-निविदा संख्या एवं दिनांक	कार्य का विवरण
F.6(1)79/CC/2026/33 dated 23.06.2026 UBN No. MML2627SLOB00070	कम्पनी की बाड़मेर परियोजना पर स्थित कार्यालय व खदानों पर कम्प्यूटर पर कार्य करने हेतु कुशल श्रमिकों (कम्प्युटर ऑपरेटर) की संख्या अठारह (18)। अनुमानित मूल्य (रू.) 107.00 लाख, धरोहर राशि-2,14,000/-, निविदा राशि- 4,720/- (जी.एस.टी. सहित) ई-निविदा प्रक्रिया शुल्क रूपये 2000/- का डी.डी. जो कि एम.डी., आर.आई.एस. एल., जयपुर के नाम देय हो।

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com, www.sppp.rajasthan.gov.in, अथवा वरि. प्रबंधक (यांत्रिकी-अनुबंध) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।
राज.संवाद/सी/26/5685 — उप महाप्रबन्धक (कार्मिक एवं प्रशासन)

कार्यालय नगर निगम जयपुर
(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लाल कोठी, टोंक रोड़, जयपुर-15)
क्रमांक :- जसअ/2026/142 — दिनांकः 23.06.2026

-: : ई-निविदा सूचना संख्या 04/2026-27 : :-

नगर निगम जयपुर की ओर से विद्युत कार्य हेतु नगर निगम जयपुर में व अन्य विभागों में नये नियमों के अनुसार श्रेणीवार EWSD श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं।
निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in पर निम्न UBN No. JMC2627WSOB00231 पर देखा जा सकता हैं।
इच्छुक संवेदकों को ई-निविदा में भाग लेने हेतु वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक हैं।
राज.संवाद/सी/26/5653 — अधिशाषी अभियन्ता (विद्युत), नगर निगम जयपुर-पार्ट प्रथम

कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, बीदासर (चूरू) राज0
E-Mail :nagarpalikabidasar@gmail.com Phone No. : 01560 - 262028
क्रमांक-नपाबी/2026-27/980 — दिनांक-23.06.2026

ई-निविदा सूचना सख्यां 03/2026-27

नगरपालिका बीदासर में विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो के लिये नियमों के अन्तर्गत नगर निगम बीकानेर/ नगरपालिका बीदासर में पंजीकृत व अन्य विभागों के 'A' एवं 'AA' श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से निविदा से कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्य दिनांक 23.06.2026 को 17:00 बजे से तथा दिनांक 06.07.2026 समय 18.00 बजे तक ऑनलाईन निविदा जमा करवाई जा सकती है। निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://www.eprco.rajasthan.gov.in, http://www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
NIB CODE : DLB2627A3479
UBN NO. DLB2627WSRC08540
राज.संवाद/सी/26/5602 — अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका,बीदासर

राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इनवेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (राजस्थान सरकार का उपक्रम)
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, जयपुर- 302005, फोन-0141-2227751,4593201
ई-मेल-riico@riico.co.in वेबसाइट-riico.rajasthan.gov.in

निविदा सूचना

रीको द्वारा निम्नांकित कार्यों/आपूर्ति/सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सीलबंद निविदाऐं एवं राशि रू. 2.00 लाख से अधिक की निविदाऐं ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाइन निर्धारित प्रपत्र में eproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती हैं:-

इकाई का नाम, UBN एवं कार्य की राशि (लाख रू. में):. जयपुर(उत्तर)-औद्योगिक क्षेत्र मण्डा-द्वितीय चरण, जयपुर में आधारभूत संरचना के उन्नयन का कार्य। **RDC2627WLOB00726(2964.40),** RDC2627WSOB00725(1.97), RDC2627WSOB00717(74.40), RDC2627WSOB00718(14.09), RDC2627WSOB00719(25.37), RDC2627WSOB00720(82.40), RDC2627WSOB00721(22.34), RDC2627WSOB00722(5.06), **ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर**-औद्योगिक क्षेत्र आईटी जोन, ईपीआईपी, सीतापुरा प्रथम एवं द्वितीय चरण, आवासीय श्योपुर कॉलोनी की मुख्य संड़क में पावर लाइन के इन्फ्रास्ट्रक्चर के उन्नयन का कार्य। **RDC2627WLOB00732(855.62), RDC2627WLOB00734(360.21),** RDC2627WSOB00736(72.67), RDC2627WSOB00737(50.35), RDC2627WSOB00738(2.55), RDC2627WSOB00743(1.41), RDC2627WSOB00745(1.89), RDC2627WSOB00747(1.91), RDC2627WSOB00750(1.90), RDC2627WSOB00752(1.98), RDC2627WSOB00754(1.90), **अलवर**-एग्रो फूड पार्क, मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र, अलवर में इंटरलॉकिंग टाईल्स लगाना और अप्रोच बॉक्स कल्वर्ट के साथ आरसीसी नाली का निर्माण का कार्य। **RDC2627WLOB00713(924.65),** RDC2627WSOB00700 (88.90), RDC2627WSOB00702(21.87), RDC2627WSOB00705(141.62), RDC2627WSOB00701 (14.40), RDC2627WSOB00704(7.11), RDC2627WSOB00712(88.76), RDC2627WSOB00706 (4.54), RDC2627WSOB00707(4.54), RDC2627WSOB00709(5.04), RDC2627WSOB00711 (128.72), **किशनगढ़**-औद्योगिक क्षेत्र सिलोरा प्रथम चरण में बीटी रोड के सीसी रोड बनाने एवं रोड जंक्शन पर टाईल लगाने का कार्य। **RDC2627WLOB00687 (515.25),** RDC2627GSOB00728 (8.65), RDC2627WSOB00729(94.26), **सीकर**-औद्योगिक क्षेत्र आईआईडी पलसाना में इन्टरलॉकिंग एवं रोड़ का कार्य। **RDC2627WSOB00683(523.88),** RDC2627WSOB00682(1.03), **आबूरोड**-औद्योगिक क्षेत्र अम्बाजी, अर्बूदा, ग्रोथ सेंटर प्रथम एवं द्वितीय चरण, स्वरूपगंज आवासीय कॉलोनी ग्रोथ सेंटर प्रथम चरण आबू रोड में दिशा एवं साईन बोर्ड, डिजिटल गाईड मैप, बाउंड्री वॉल, बी. टी. रोड का रीकार्पेटिंग, सी.सी. रोड, नाली निर्माण, पेव्ड शोल्डर्स एवं फुटपाथ के निर्माण करने का कार्य। **RDC2627WLOB00742(813.71), जोधपुर**-औद्योगिक क्षेत्र बासनी द्वितीय चरण जोधपुर मे बिजली लाईन इंफ्रास्ट्रक्चर का अपग्रेडेशन का कार्य। **RDC2627WLOB00777(533.15),** RDC2627WSOB00727(22.50), **बोरानाड़ा**-इंडस्ट्रियल एरिया बोरानाड़ा फेज-चतुर्थ और ईपीआईपी में पावर लाईन का अपग्रेडेशन का कार्य। **RDC2627WLOB00779(1004.85), राजसमंद**-औद्योगिक क्षेत्र बग्गड़, राजसमंद में महत्वपूर्ण सड़कों का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं रीकार्पेटिंग कार्य तथा सड़क के दोनों ओर कैरिजवे के साथ इंटरलॉकिंग पेवर टाइल्स उपलब्ध करवाने एवं बिछाने का कार्य। **RDC2627WLOB00811(820.51), भिवाड़ी**-द्वितीय-आद्यौगिक क्षेत्र चौपानकी में पावर लाईन के उन्नयन का कार्य। **RDC2627WLOB00774(1451.13), RDC2627WSOB00778(215.31), RDC2627WSOB00780(239.21), RDC2627WSOB00782(221.03),** RDC2627WSOB00685(4.50), **झुंझुनूं**-**RDC2627WSOB00770(307.13),** RDC2627WSOB00764(5.95), RDC2627WSOB00766 (6.72), **जयपुर(दक्षिण)**-**RDC2627WSOB00758(335.01),** RDC2627WSOB00759(34.91), RDC2627WSOB00760(6.11), RDC2627WSOB00761(17.94), RDC2627WSOB00763(2.38), **कोटा**-**RDC2627WSRC00767(206.25),** RDC2627WSOB00730(20.06), RDC2627WSOB00731(52.85), RDC2627WSOB00733(76.55), RDC2627WSOB00735(93.63), RDC2627WSOB00744(41.36), RDC2627WSOB00748(85.64), RDC2627WSOB00755(90.24), RDC2627WSOB00781(17.04), RDC